प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 29.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- एनटीए ने यूजीसी–नेट, सीएसआईआर यूजीसी–नेट, एनसीईटी परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा की।
2- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे, राज्य की कानून व्यवस्था पर उठाये सवाल।
3- मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का जताया अनुमान, येलो अलर्ट जारी। ।
4- दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में रांची बनी ओवरऑल चैंपियन।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 18 जून को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी।

****

राज्य मंत्रिपरिषद ने रांची में हरमू एलिवेटेड रोड निर्माण की योजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार के माध्यम से हरमू में सहजानंद चौक के नजदीक से कांके रोड स्थित जज कॉलोनी के नजदीक तक चार लेन का एलिवेटेड रोड बनाया जायेगा। इसकी कुल लंबाई तीन किमी होगी। योजना पर चार अरब से ज्यादा रुपये खर्च किये जायेंगे।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। आज दिल्ली से रांची पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। श्री सेठ ने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता झारखंड को कुशासन से मुक्त करायेगी।

****

असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड विधानसभा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्व सरमा आज रांची में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करेंगे। वे प्रदेश के नेताओं के साथ चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किये जाने वाले विषयों पर चर्चा करेंगे। रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य की गिरती विधि व्यवस्था पर राज्य सरकार की आलोचना की। बाद में उन्होंने पार्टी के जनजातीय नेताओं से भी मुलाकात की।

****

रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास कल एक ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की हुई घटना के बाद रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनमें जगन्नाथपुर थाना के दो सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार और शैलेंद्र सिंह शामिल हैं।

****

जामताड़ा जिले में नशामुक्ति को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

साउण्ड बाईट – सुभाष प्रसाद सिंह, जामताड़ा – 53 सेकेण्ड

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और

फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआइआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

****

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के शिक्षा शास्त्र विभाग ने दो वर्ष के बाद पुनः सत्र 2024–28 के लिए इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के तहत चार वर्षीय बीएससी बीएड और बीए बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन लेने की घोषणा की है। नामांकन के लिए विद्यार्थी 15 जुलाई तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीए बीएड के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 18 जुलाई से और बीएससी बीएड के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 22 जुलाई से निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों का चयन 10वीं और 12वीं की परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर किया जाएगा।

****

52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक श्री अमरनाथजी यात्रा आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी के पहलगाम और बालटाल मार्ग से शुरू हो गयी। यह यात्रा 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन सम्पन्न होगी। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

****

लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र की तुबेद कोलियरी के कांटा घर में कल रात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में कांटा घर के कंप्यूटर ऑपरेटर आलोक साहू के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घटनास्थल से अपराधियों द्वारा छोड़ा गया एक हस्तलिखित पर्चा भी बरामद किया है।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक रांची, हजारीबाग और पलामू समेत राज्य के दस जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

राजधानी रांची स्थित पुलिस लाइन में आयोजित दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गयी है। इसमें 65 अंक अर्जित कर रांची की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी है। वहीं 33 अंक के साथ गुमला दूसरे और 15 अंक के साथ एसएमपी तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह को संबोधित करते हुए दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने कहा कि जल्द ही सभी जिला पुलिस मुख्यालयों में खेलों के आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर जोर दिया जायेगा।

********समाप्त*********